समाचार

# मेयर इन काउंसिल ने दी विभिन्न प्रस्तावों को स्वीकृति

## (महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद की उपस्थिति में सम्पन्न हुई एम.आई.सी.की बैठक)



कोरबा 16 सितम्बर 2020 –नगर पालिक निगम कोरबा की मेयर इन काउंसिल द्वारा आज निगम के विभिन्न कार्यो से संबंधित प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया, इसके साथ ही महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद द्वारा निगम के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति एवं उनकी कार्यप्रगति की समीक्षा की गई।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन की उपस्थिति में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, कृपाराम साहू, पालूराम साहू, मस्तुल सिंह कंवर, सपना चौहान, सुखसागर निर्मलकर, सुनीता राठौर, फूलचंद सोनवानी, प्रदीप राय जायसवाल, सुरती कुलदीप, रोपा तिर्की के साथ–साथ निगम के अपर आयुक्त अशोक शर्मा, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, कार्यपालन अभियंता एम.के.वर्मा, ए.के. शर्मा, आर.के.माहेश्वरी, आर.के.चौबे, आर.के.भोजासिया, एम.एन. सरकार, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, निगम सचिव पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, लेखाधिकारी आनंद गुप्ता, डॉ.संजय तिवारी आदि उपस्थित थे। बैठक के दौरान नगर निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित शालाओं में कार्यरत शिक्षक नगरीय निकाय संवर्ग की परिवीक्षा अवधि हटाने, निगम के वाहनों की संख्या के अनुरूप वाहन चालकों की नियुक्ति की स्वीकृति शासन से प्राप्त करने, विभिन्न निर्माण कार्यो यथा नाली, बिल्डिंग, सीमेंट कांक्रीट रोड, डामर रोड आदि के मरम्मत संधारण कार्य हेतु वार्षिक दर निर्धारण, गंदी बस्ती (स्लम) घोषित करने के संबंध में, विभिन्न दुकानों, भवनों, काम्पलेक्स, हाल आदि के लीज नवीनीकरण, नगर निगम के अधिकारियों की पदोन्नति, विभिन्न वाहनों के मरम्मत कार्य, आवासीय भवनों के व्ययन, आदि के साथ ही अन्य विविध कार्यो से संबंधित प्रस्ताव चर्चा पश्चात सर्वसम्मति से पारित किए गए।

**<u>निगम के विभिन्न कार्यो, नागरिक सेवाओं की समीक्षा</u>**– बैठक के दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो तथा नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की समीक्षा की। उन्होने प्रगतिरत कार्यो में तेजी लाने, सड़कों के मरम्मत व सुधार कार्य को प्राथमिकता के साथ कराए जाने, कार्यो में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर श्री प्रसाद ने सड़क रोशनी व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, साफ–सफाई कार्य सहित अन्य नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की तथा कार्यो की बेहतरी के संबंध में अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया। उन्होने साफ–सफाई कार्यो पर विशेष ध्यान देने, कार्यो की निरंतर मानीटरिंग करने तथा कार्य संपादन के दौरान कोविड–19 के प्रोटोकाल का पूर्ण रूप से पालन किए जाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।